


## नाम एक ..काम दो

÷क्यों छोटू! बैठे बैठे अरस्तु की तरह गाल के नीचे हाथ धरे गहनता से क्या सोच रहा है? क्या फिर से संन्यास लेने की सोच रहा है ममता कुलकर्णी की तरह? या रूपा से अच्छी खासी संसद जैसा हंगामा भरा झगड़ा हो गया? बॉस का हेडेक तो नहीं? वैसे हम लोग बैठे बैठे सोचने में, कोई फेक न्यूज़ आया तो उसे आगा पीछा देखे बिना जल्दी से फॉरवर्ड करने और आलसी जैसे पड़े रहने में ज आनंद प्राप्त करते हैं उतना अगर देश की समस्याओं पर ध्यान देते तो शायद विकास आज कई वर्ष बढ़ा युवक होता। खैर सुनाओ अपने दिमाग की दही।

भैया। यह सब नहीं। मैं आजकल लोकल से हटकर नेशनल सोचने लगा हूं। आजकल विकास, बदलाव, परिवर्तन, नवोन्मेष के चर्चे महंगाई के बाद ज्यादा लोकप्रिय विषय हो गए हैं। इसी के बारे में चिंतन कर रहा था।

क्या क्या और कितना बदलेगा छोटू? आजादी को सड़सठ साल आगे का मान रहे हो। क्या आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बड़े भैया को घोषित करने का इरादा तो नहीं?

भैया! मैं सोचता हूं पद्म पुरस्कार अजी वही पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्मविभूषण को 1954 में शुरू किया गया था यानी 2014 में नहीं। होंगे भी कैसे? हमने नया और नवीन के नाम पर न पुरस्कार घोषित किए हैं और न नए क्षेत्रों की तरफ झाँका है। लल्लू को उल्लू और निठल्लू जैसे नाम देकर अपने कर्तव्य के इतिश्री कर ली है। तथाकथित स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी के बाद नहीं। तो मेरा ख्याल है भैया! जिस तरह कई स्थानों, नगरों, स्टेडियमों और पुरस्कारों के नाम हमने अपनी खुशी और आत्मन्यूनता के चलते बदल लिए हैं, उसी तरह इन पद्म पुरस्कारों के नाम भी बदले जाएं तो पुरस्कारों में ताजगी और नवोन्मेष का भरपूर आनंद आएगा भैया!

तुम्हें तो छोटू! संसद में अग्रिम पंक्ति में बैठाया जाना चाहिए केंद्र मंत्री बनाकर। भारतीय वर्तमान मानसिकता वाली परंपरा के तुम अग्रणी नागरिक बनते जा रहे हो। समझ और सोच अच्छी जा रही हैं। लेकिन प्रश्न यह कि इन पुरस्कारों का नाम स्टेडियम के बदले नाम की तरह बड़े भैया के नाम पर तो नहीं रखने की सोच रहे हो? जमेगा नहीं।

आजकल अपने संसद के दोनों पक्षों के नेताओं की तरह आप बड़े बेसब्र हुए जा रहे हो। थोड़ा सब्र करें। बताता हूं मैं अपनी सोच, फिर आप अपनी विशेषज्ञता भरी पोस्टमार्टम वाली टिप्पणियां दीजिए।

लो। चुप हो गया छोटू ज्ञानी! बोलो।

पद्म मतलब जलज, नीरज, पंकज, सरोज, अंबुज, नलिन, उत्पल, पुंडरीक, कुवलय, राजीव, शतदल, सारंग, शतपत्र, इंदीवर, सरसिज, अब्ज आदि हैं जो कि उतने उपयुक्त और लोकप्रिय नहीं होंगे। ऐसे में मैंने एक शब्द चुना है जो सभी लोग, नेता, मंत्री, नागरिक पसंद करेंगे। वह है पद्म का पर्यायवाची सही शब्द है कमल। कमल श्री, कमल भूषण, कमल विभूषण। कैसा रहेगा भैया?

चलो मुझे बोलने को कहा शुक्रिया। तुम ने तो वह सोचा है जो किसी सत्ता पक्ष के धुरंधर विद्वानों के मस्तिष्क नहीं सोच सकते। इससे दो बातें हो सकेंगीं। एक तो नाम परिवर्तन का नवोन्मेष तो दूसरा सत्ता पक्ष को अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न की लोकप्रियता बढ़ाने में मदद मिलेगा। इसमें एक बात और है छोतू, शायद तुम्हारा ध्यान नहीं गया? कमाल, पद्म या पुंडरीक हमारा राष्ट्रीय पुष्प भी तो है, एक नाम और दो काम। छोटू! तुमने एक तीर से दो शिकार किए हैं। वाह।

भैया! बस आपके आशीष का फल है।

# मोहन टॉकीज चौराहा भगवान परशुराम जी के नाम से करने की मांग

**धार।** भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर धार नगर मैं स्थानीय मोहन टॉकीज चोराहे पर आजाद विचार मंच के संयोजक नीतीश राजपुरोहित रुद्र मुकाती द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध पर्यावरण विद सचिन दवे द्वारा सेना के साहस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता की तारीफ करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की विजय पर सभी भारतवासियों को बधाई दी उन्होंने बताया कि पाकिस्तान जो की आतंकिस्तान का केंद्र बन चुका है जिन लोगों के मन में आज भी पाकिस्तान के बारे में गलतफहमी हो वह




सब इस युद्ध से दूर हो गई होगी भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण समाजसेवी घनश्याम शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन भाजपा के नगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा किया गया एवं आभार रूद्राक्ष मुकाति द्वारा माना गया इस अवसर पर भाजपा के नवागत नगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं विजेंद्र ठाकुर का स्वागत भी किया गया तत्पश्चात पर्यावरण वित्त सचिन दवे द्वारा मांग की गई की मोहन टाकिज चोराहे का नाम परिवर्तित कर भगवान पशुराम जी के नाम से किया जाए इस अवसर पर नीतीश राजपुरोहित हर्ष शुक्ला राहुल सूजन कुणाल विरान हिमांशु मोरे मानस राठौड़ सैकड़ो की संख्या में सभी आजाद विचार मंच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित होकर खेत में ट्रेक्टर पलटा ट्रेक्टर चालक की दबने से हुई मौत

## पुलिस जांच में जुटी

**कसरावद।** कसरावद के बलकवाड़ा थाना के खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम रामपुरा में रामपुरा से जरोली को जोड़ता हुआ नहर के मार्ग के पास खेत में एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया।जिसमे ट्रेक्टर चालक राहुल देवेसिह सोलंकी उम्र 33 वर्ष साई दरबार टेंट हाउस निवासी ग्राम कठोरा दबने से गंभीर घायल हो गया था। वही घटना की सूचना परिजनों को भी दी गई।



जिसे ग्रामीणों द्वारा गंभीर घायल अवस्था में ठीकरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही युवक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी शेयर न करें- कलेक्टर



## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शांति समिति के सदस्यों से चर्चा की एवं बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के मध्य हो रहे युद्ध को देखते हुए नागरिक आंतरिक सुरक्षा के तहत जिला स्तर पर सभी तैयारियां की गई हैं।

उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने सभी सदस्यों को बताया कि कोई भी भ्रामक जानकारी, धार्मिक भावना भड़काने वाली खबरें एवं फेक वीडिओ सोशल मीडिया पर शेयर करने पर बीएनएसएस की धारा 163 के तहत कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल आदि भी समय-समय पर किया जाना है। इसको देखकर घबराएं नहीं एवं प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। बैठक में सभी जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति जताई और कहा की हम सब प्रशासन के साथ हैं। स दौरान मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, खंडवा महापौर अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पिंकी वानखेड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर काशीराम बडोले, अरविंद चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, एसडीएम खंडवा बजरंग बहादुर, सीएमएचओ खंडवा डॉ. ओ.पी. जुगतावत सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भगवान भोलेनाथ के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ

**मनावर।** मनावर में उप जेल रोड़ पर श्री शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ आचार्य पंडित श्री रविशंकर जी जोशी मनावर व उनके वित्त जनों मार्गदर्शन में संपन्न हुआ मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 गंगाराम जी महाराज नवचंडी मंदिर खंडवा भी रहे उपस्थित। श्री शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थी थे आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुनील स्टार चौहान व उनकी पत्नी रीना चौहान व उनका संपूर्ण परिवार श्री शिव परिवार मूर्ति प्रानप्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थी बने। तीन रोज



तक यज्ञ में आहुतियां डाली गई जिसमें शनिवार को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें मनावर विधायक डॉक्टर हीरालाल अलावा आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जालमसिंह मोरी, व जिला प्रभारी आदिवासी कांग्रेस के जगदीश कनेल, और सिरसाला की सरपंच सो, सुकाबाई कनेल भी मौजूद रही, हजारों भक्तों ने श्री शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रसादी ग्रहण की, और सभी ने इस कार्यक्रम के आयोजक सुनील स्टार चौहान को इसी प्रकार धार्मिक कार्यक्रम करने की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

# अमझेरा में पंचम संगीतमयी सुंदरकांड पाठ प्रतियोगिता 15 मई को

## मप्र सहित राजस्थान, उप्र व गुजरात की ख्यातनाम कुल 7 टीमें देंगी प्रस्तुति

**अमझेरा।** पवनपुत्र सुंदरकांड मण्डल अमझेरा के तत्वाधान में पंचम संगीतमयी सुंदरकांड पाठ प्रतियोगिता का आयोजन 15 मई गुरूवार की रात्री 8 बजे यहाँ के बस स्टेण्ड पर किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश व गुजरात से ख्यातनाम कुल 7 टीमें भाग लेकर अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगी, जिनमें मॉ वक्रांगी मित्र मंडल राजसमद (राज). नौलखी मानस मण्डल गंजबासौदा (म.प्र)., अयोध्या मानस मण्डल अयोध्या (उ.प्र.), श्रीराम सुंदरकांड मण्डल टीकमगढ़ (म.प्र.), यू.मी.एंड सियाराम मंडल नलखेडा (म.प्र.)श्रीरामदूत सुंदरकांड मण्डल दाहोद (गुजरात) के साथ पवनपुत्र सुंदरकांड मण्डल अमझेरा अपनी सुमधुर भजनों एवं दोहे चौपाईयों के साथ प्रस्तुतति देंगे। प्रतियोगिता समाजसेवी चंद्रशेखर शर्मा की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिसमें ग्रामिणजन व क्षेत्रवासी विषेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्काार 21 हजार रुपए प्रतिभा पाठक की स्मृति में, द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपए चन्द्रशेखर शर्मा की स्मृति में, तृतीय



पुरस्कार 20 हजार रुपए उषा दीक्षित की स्मृति में, चतुर्थ पुरस्कार 16 हजार रुपए राजेन्द्रसिंह राठौर सलवा के द्वारा, पंचम पुरस्कार 13 हजार रू. अम्बाराम कुशवाह की स्मृति में,षष्टम पुरस्कार 11 हजार रुपए प्रहलादसिंह रघुवंशी की स्मृति में एवं सप्तम पुरस्कार सात हजार सात सौ चंद्रशेखर शर्मा की स्मृति में विजेता टीम को प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्हें प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में विशेष रूप से बालीपुरधाम के संत योगेश महाराज, विश्वमंगलधाम तारखेड़ी के ऋषिराज महाराज व जुनाराजपिपला गुजरात के महंत घनश्यामदास महाराज सम्मिलित होंगे। आयोजन में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई तथा आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति सदस्य जुट गए हैं।

# केरियर काउंसलिंग 12 मई को ग्राम करौली में

## 521 प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन लक्ष्य 600 का

**मनावर।** पाटीदार समाज शिक्षा महासंघ जिला बड़वानी-धार द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा 10 वी एवं 12 वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु केरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम 12 मई 2025 सोमवार, समय ÷ प्रातः 11 बजे से माँ अन्नपूर्णा भवन, पाटीदार समाज (गायत्री मंदिर) करोली में आयोजित किया जा रहा। जिसमें अतिथि काउंसलर डॉ. मधुसुदन चौबे (सह. प्राध्यापक इतिहास) संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी

डॉ. अनिल पाटीदार (सहा. प्राध्यापक)

जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना बड़वानी, भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय पाटी, जिला-बड़वानी, डॉ. नीलम पाटीदार (सहा. प्राध्यापक) माँ नर्मदा शास. महाविद्यालय सोण्डवा, जिला-अलीराजपुर उपस्थित रहकर मार्गदर्शन करेगे। उक्त जानकारी पाटीदार समाज के मीडिया प्रभारी दिनेश पटेल पाटीदार ने देते हुए बताया कि अभी तक 521 विद्यार्थियों के पंजीयन हुए लक्ष्य 600 का है जिनके पंजीयन नहीं हुए वह भी कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं उनका पंजीयन कार्यक्रम स्थल पर तत्काल किया जाएगा। पाटीदार समाज शिक्षा महासंघ द्वारा पहली बार विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए वृहद कैरियर काउंसलिंग का ऐतिहासिक आयोजन होगा। छात्र छात्राओं के लिए बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम मे पाटीदार समाज जिला संगठन तहसील संगठन मनावर कुक्षी अंजड के वरिष्ठ युवा महिला संगठन उपस्थित होगे साथ ही समाज के पाटीदार छात्रवास समिति बडवानी बैंक संथा बडवानी जिला शिक्षा महासंघ के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य पालकगण मुख्यरूप से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा महासंघ अध्यक्ष राजकुमार पाटीदार ने अपिल की है समाज के 80 गांव के सदस्य पालकगण संगठन के अध्यक्ष पदाधिकारीगण ग्राम करोली मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने मे सहयोग कर छात्रों को आर्शीवाद प्रदान करे।

# हितग्राहियों की ई केवाईसी के लिए मोहल्लों में कैंप लगा

**बाग।** शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ के लिए ई केवाइसी की अनिवार्यता को देखते हुए ग्राम पंचायत बाग के कर्मचारी मोहल्लों में कैंप लगाकर ई केवाइसी का कार्य कर रहे है । रविवार को वार्ड नंबर 04 के प्रतिनिधि जाफर खान ने अपने वार्ड में कैंप का आयोजन किया जिसमें ग्राम पंचायत बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ,उपसरपंच रोहित झवर ,ग्राम पंचायत सचिव इंद्रजीत मंडलोई ,सहायक सचिव किरण बघेल, मोबेलाइजर ज्योति ठाकुर,कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज खेड़े, धन्नालाल बृजवासी सभी के सहयोग से ई केवाईसी का काम किया गया। जिन बच्चों महिला,पुरुष और बुजुर्ग की ई केवाईसी नहीं हुई अभी तक उन सब की कैंप लगाकर और घर जा जाकर सूचित किया जा रहा है। सभी को समझाईश दी गई है कि ई केवाईसी होने पर ही शासन की संपूर्ण योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने बताया कि हर एक मोहल्ले में इसी प्रकार के कैंप आयोजित किया जा कर ई केवाईसी का कार्य किया जाएगा।



# ऐतिहासिक सांकल बावड़ी में विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया

**बदनावर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर की ऐतिहासिक सांकल बावड़ी में रविवार को विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। नगर परिषद एवं प्रशासन की संयुक्त पहल पर आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सफाई कार्य के दौरान बावड़ी के सामने ग्राउंड लेवल जेसीबी मशीन की सहायता से समतल किया गया। इसके अलावा बावड़ी के भीतर वर्षों से जमा नारियल, फूल, माला, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को हटाकर परिसर को स्वच्छ किया गया। सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से पौधों की क्यारियाँ भी बनाई गईं, जिससे क्षेत्र को हराभरा और आकर्षक बनाया जा सके। इस अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, एसडीएम दीपक चौहान, तहसीलदार सुरेश नागर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, महेंद्र सिंह शक्तावत, नगर परिषद सीएमओ लाल सिंह राठौर, जनपद सीईओ राजेंद्र सिंह परिहार,सहित अनेक अधिकारी, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वयं फावड़े, झाड़ू उठाकर श्रमदान किया। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने इस अवसर पर कहा, सांकल बावड़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे स्वच्छ और संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जलगंगा अभियान के माध्यम से हम जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन कर रहे हैं। सकल बावड़ी 20 बाय 60 टीन शेड 12 लाख का गार्डन, सकल बावड़ी से राजपूत धर्मशाला तकसीसी रोड टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। एसडीएम दीपक चौहान ने बताया कि मंदिर को शासन संधारित के लिए नगर परिषद को प्रस्ताव पास करने का बोला हे सिंहस्थ को देखते हुए मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सुंदर बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा । जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर की सभी बावड़ियों, कुंडों एवं अन्य जल स्त्रोतों को चरणबद्ध रूप से साफ किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और स्वच्छता व जलसंरक्षण को जन आंदोलन का रूप दें। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने भी कहा कि जनसहयोग से ही ऐसे प्रयास सफल होते हैं। उन्होंने युवाओं से जुड़कर ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र पवार, पार्षद महिपाल सिंह पंवार, पत्रकार दिलीप सिंह चौहान, धर्मेन्द्र अग्निहोत्री, नवीन चौहान, मनीष शर्मा, राकेश सिंह चौहान, सचित बाहेती सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।